**DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR**
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan)
(राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय)
("RUSA BHAWAN", Shiksha Sankul, JLN Marg, Jaipur – 302015)
(रूसा ब्लॉक– भूतल, डॉ. आर. के. शिक्षा संकुल, जयपुर–302015)
Phone No- 0141-2940506, 0141-4082630
www.alujaipur.ac.in Email- coe@alujaipur.ac.in

क्रमांक :प.4(3) परीक्षा / अविवि / 2023–24 / 11895 दिनांकः 14 Feb 2024

## "LL.B. Supplementary Examination Form 2022-23 ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने सम्बन्धी सूचना व सामान्य दिशा–निर्देश"

डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर से सम्बद्ध समस्त विधि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र / छात्रा, जो सत्र 2022–23 की एल.एल.बी. तृतीय वर्ष मुख्य परीक्षा के परिणाम / पुर्नमूल्यांकन परिणाम / अनुचित साधन प्रकरण के निर्णय पश्चात् घोषित परिणाम के फलस्वरूप पूरक घोषित किये गये हैं, को सूचित किया जाता है कि उनके LL.B.-II, III (Due/Suppl./Improvement Paper) की पूरक परीक्षा के ऑनलाईन परीक्षा फार्म वेबसाईट **www.aluexam.in** से भरने हेतु निम्नानुसार पूरक परीक्षा शुल्क व तिथियॉं घोषित की जाती हैं :

| Sr. No. | Name of Course/Class | Exam fee (in Rs.) | | Dates for filling up online examination forms (With Normal fee) | Last date for deposition of hard copy of Exam form at college for candidates. | Dates for filling up online examination form (With Single time late fee) | Last date for deposition of hard copy of Exam form at college for candidates and Online approval at college panel by the college |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Student | | | | |
| 1. | LL.B.(Due Paper) (One Paper) | 930/- | 930/- | Start date 15.02.2024<br>Last date 21.02.2024 | 22.02.2024 | Exam Fee + Late Fee Rs 500/-<br>22.02.2024 to 24.02.2024 | 26.02.2024 |
| 2. | LL.B.(Due Paper) (Two Papers) | 1350/- | 1350/- | | | | |
| 3. | LL.B (Due Paper) (Three or more Papers) | Full Exam. Fee (Classwise) | Full Exam. Fee (Classwise) | | | | |
| | LL.B. II-Year | 2160/- | 2420/- | | | | |
| | LL.B. III-Year | 2320/- | 2680/- | | | | |
| 4. | Fee for Physically challenged students | 730/- | 830/- | | | | |

**समस्त परीक्षार्थी भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय में परीक्षा फार्म भरने के तुरन्त अगले कार्यदिवस तक जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।**

नोटः– परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश, परीक्षा फीस के विवरण की सूचना आदि विश्वविद्यालय वेबसाईट www.alujaipur.ac.in एवं www.aluexam.in पर उपलब्ध हैं। **उक्त परीक्षा माह मार्च–2024 में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, तदनुसार परीक्षा समय सारणियॉं (Time Tables) विश्वविद्यालय वेबसाईट पर यथासमय जारी कर दी जाएगी। परीक्षार्थीयों की न्यून संख्या के मद्देनजर विभिन्न शहरों में अवस्थित महाविद्यालयों का परीक्षा केन्द्र किसी अन्यत्र शहर में एक ही बनाया जावेगा।**

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा।
2. ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानीपूर्वक भरें।
3. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म कॉलेज पेनल पर ऑनलाईन अप्रूव करने के बाद निर्धारित तिथि के भीतर विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।
4. परीक्षार्थियों द्वारा सीधे ही विश्वविद्यालय को डाक से प्रेषित पूरक परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जावेगें। अतः निर्धारित समय सीमा में संबंधित महाविद्यालय में ही पूरक परीक्षा फार्म मय वांछित दस्तावेजों के जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार्य होंगें।
5. विश्वविद्यालय LL.B. तृतीय वर्ष मुख्य परीक्षा–2023 में परीक्षा दे चुके परीक्षार्थी जो पूरक परीक्षा के योग्य घोषित किये गये हैं, वे अपने रजिस्ट्रेशन क्रमांक से परीक्षा फार्म भर सकेंगें। परीक्षा आवेदन–पत्र में अपना स्वयं का ई–मेल आई.डी., मोबाईल नम्बर एवं घर के पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो परीक्षार्थियों के लिए संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस संबंध में यह स्पष्टतया नोट करें कि परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन फार्म पर स्वयं का ही मोबाईल नम्बर जो आधार नम्बर से लिंक हो, अंकित करें।

6. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट www.alujaipur.ac.in व www.aluexam.in पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय परीक्षा स्कीम व पाठ्यक्रम के संबंधित अधिनियम विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।
7. ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने अथवा बैंक ट्रांजेक्शन में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निम्नलिखित हेल्पलाईन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

| ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने व बैंक ट्रांजेक्शन सहायता हेतु (केवल कार्यालय दिवस प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे तक) |
|---|
| **8955654826** |

8. परीक्षा फीस के विवरण आदि की सूचना वेबसाईट **www.alujaipur.ac.in** एवं **www.aluexam.in** पर उपलब्ध हैं। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के संबंध में समय–समय पर इन वेबसाईटस् पर प्रसारित की जाने वाली सूचनाओं का अवलोकन करते रहें व अपने संबंधित महाविद्यालय के सतत सम्पर्क मं रहें।

**<u>ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधित विशिष्ट निर्देश :</u>**

(अ) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट www.aluexam.in पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित / पूर्व छात्र) का चयन कर पूरक परीक्षा के योग्य विषयों का चयन करते हुये रजिस्ट्रेशन कमांक से परीक्षा फार्म भरेंगें।

(ब) फार्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फार्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फार्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रकिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड (एटीएम) / केडिट कार्ड / यूपीआई / वॉलेट आदि योग्य माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फार्म का प्रिंट मय परीक्षा शुल्क भुगतान रसीद (दो प्रतियों में) ले सकेंगें।

**परीक्षार्थी ध्यान रखें:–**

(i) यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती है तो बिन्दु सं. 7 पर उल्लेखित हेल्पलाईन / संबंधित महाविद्यालय से ही वांछित निर्देश प्राप्त / सुधार करवाकर परीक्षा फॉर्म भरें।
(ii) परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रकिया हेतु आगे बढ़ें।
(iii) एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा।
(iv) यदि तकनीकी कारणों से परीक्षा शुल्क का ट्रांजेक्शन फेल हो जाता है तो ऐसी स्थिति में पुनः ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा नहीं करें। यदि अगले दिवस तक ट्रांजेक्शन सफल नहीं होता है तो हेल्पलाईन नम्बर पर सम्पर्क करें। लेकिन यह सुनिश्चित कर लेवें कि इस कारण पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि प्रभावित नहीं होगी, अतः अंतिम तिथि से पूर्व ही परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

(स) शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) (सरकार द्वारा निर्धारित सीमा में) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क में आंशिक छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफिसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(द) दो प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण अंकतालिकाओं आदि के साथ परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् तुरन्त अगले कार्य दिवस / अंतिम तिथि से पूर्व तक अपने संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा।

**<u>ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने करने संबंधी सामान्य दिशा–निर्देश :–</u>**

छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट www.aluexam.in visit करें। कृपया फार्म भरते समय समस्त प्रविष्ठियॉ सावधानी पूर्वक भरें। अधूरे अथवा गलत भरे फार्म स्वतः निरस्त समझे जायेंगें।

1. परीक्षार्थी पूरक परीक्षा के लिए आवेदन करना चहता है तो रजिस्ट्रेशन कमांक से लॉगिन करने के बाद संबंधित L.L.B.-II, III (Due/Supplementary/Improvement Paper) बकाया पूरक प्रश्न पत्रों का चयन करें।
2. छात्र सम्बन्धित पूरक परीक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों मय हस्ताक्षर एवं फोटो स्केन मिलान करने के बाद परीक्षा फार्म की दो प्रतियॉ (कम्प्यूटर कॉपी और ऑफिस कॉपी) निकालकर सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें। ऑफिस कॉपी के साथ वांछित दस्तावेज अवश्य संलग्न करें।

3. ऑनलाईन पद्धति से परीक्षार्थी हार्ड कॉपी निकालने के बाद संबंधित महाविद्यालय में ही जमा करवाये। आवेदन पत्र के साथ LL.B. Pt.-I, II, III की पूर्व में उत्तीर्ण/ अनुत्तीर्ण समस्त अंकतालिकाओं की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपियाँ आवश्यक रूप से जमा करवायें।
4. सम्बन्धित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगें कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पूरक परीक्षा में बैठने की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियाँ पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे – परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, भरे गये प्रश्न पत्रों के नाम, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करें। ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् चालान की छाया प्रति (Payment Invoice) के पीछे जमाकर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें तथा कार्यालय प्रति, परीक्षा शुल्क की रसीद के साथ आवश्यक अंकतालिकाऐं आदि संलग्न हों।
5. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क में आंशिक छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडिकल ऑफिसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है अन्यथा निर्धारित शुल्क देय होगा।
6. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।

**परीक्षार्थियों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मो का महाविद्यालय द्वारा वेरीफिकेशन :–**

परीक्षार्थी ऑनलाईन शुल्क जमा करवाकर दो प्रतियों में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी मय आवश्यक दस्तावेज के संबंधित महाविद्यालय में जमा करवायेंगें। संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फार्मो को रजिस्ट्रेशनवार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक कॉलेज लोगिन आई.डी. से ऑनलाईन Verify करके विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक हार्ड कॉपी में सुपुर्द करेंगें।

1. ऑनलाईन गेटवे द्वारा जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रत्येक छात्र के फॉर्म को Verify बटन पर Verify करें। संबंधित कक्षा के सभी फॉर्म Verify होने के पश्चात् प्रिंट ऑपशन पर जाकर Nominal Roll का प्रिंट लें। तत्पश्चात् Nominal Roll लिस्ट के क्रम के अनुसार ही संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मो को व्यवस्थित कर Nominal Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में स्वयं जमा करवायें।
2. महाविद्यालय ध्यान रखें – उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किये जा सकेंगें।
3. सम्बन्धित महाविद्यालय सुनिश्चित रहे कि पूरक परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करें जिस महाविद्यालय से वे नियमित/एक्स परीक्षार्थी के रूप में पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुये थे।
4. परीक्षा फार्म जमा करने सम्बन्धी निर्देशः–
   परीक्षार्थियों से प्राप्त परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी को अपने पोर्टल पर शीघ्र वैरिफाई कर उनकी सूची का प्रिन्ट पोर्टल से लेकर उस सूची के अनुरूप सूची क्रमांक प्रत्येक परीक्षा फार्म पर अंकित कर **परीक्षा फार्मो को रजिस्ट्रेशनवार व्यवस्थित कर संबंधित महाविद्यालय प्रतिनिधि/डाक द्वारा विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित अंतिम तिथि (29.02.2024 सांय 4.00 बजे तक) तक विश्वविद्यालय में** अपने स्तर पर जमा करवायें। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक :प.4(3) परीक्षा/अविवि/2023–24/ 11896-11902 दिनांक: 14 Feb 2024

Copy to following for information and necessary action:
1. Principal, All Affiliated Law Colleges, ALU, Jaipur
2. Comptroller of Finance, ALU, Jaipur
3. ACP, ALU, Jaipur- with request to upload it at University website.
4. PA to HVC/ PA to Registrar, ALU, Jaipur.
5. Data Processing Agency- With request to start online forms as per above schedule and perform all activities of Pre-Post Examinations.

परीक्षा नियंत्रक